कुमार कमलेश
अपर मुख्य सचिव

अ0शा0प0सं0- 56/2020/602/35-1-2020/
एक्स-16/दी0यो0प्र0

नियोजन, कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उत्तर प्रदेश शासन,
209, योजना भवन,लखनऊ
(0522) 2238973 / 2238467
(0522) 2238967 (फैक्स)

दिनांक- 29 अक्टूबर, 2020

प्रिय महोदय,

अवगत हैं कि प्रदेश में सतत् विकास लक्ष्य (एस0डी0जी0) 16 गोल्स एवं 169 लक्ष्यों व इनसे सम्बन्धित इंडीकेटर्स पर आधारित है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा एस0डी0जी0 गोल्स के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में नियोजन अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-779(**16**)/35-1-2019-2/(1)/2019 दिनाँक 15 अक्टूबर, 2019 द्वारा एस0डी0जी0 गोल 17 हेतु अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में 08 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था तथा समिति में निम्न तीन बिन्दुओं पर कार्यवाही करने की अपेक्षा की गयी थीः-

1. समिति अपने-अपने गोल्स से जुड़े हुए सभी सम्बन्धित विभागों के साथ आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित करते हुए गोल्स के लक्ष्यों की पूर्ति के लिये प्रत्येक माह बैठक आयोजित करेगी। इसका कार्यवृत मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व नियोजन विभाग को प्रेषित करेंगे।
2. समिति द्वारा अपने गोल के अभी तक के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए आगामी वर्षों में यथा वर्ष 2022, वर्ष 2024 एवं वर्ष 2030 के लिये ठोस कार्य योजना वर्षवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के साथ एक माह के अन्दर तैयार कर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन एवं मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित करते हुए उसकी प्रति नियोजन विभाग को भी उपलब्ध करायी जाएगी।
3. आगामी वर्षों के लिये अपने गोल्स के उद्देश्यों की पूर्ति के साथ प्रदेश के समग्र विकास के लिये समस्त 15 गोलों में ली जाने वाली महत्वपूर्ण योजनाओं तथा उनकी प्राप्ति हेतु निजी क्षेत्र की साझेदारी को चिन्हित करते हुए उनके लिये आर्थिक उपाशयों/वित्तीय संसाधनों का आंकलन के साथ वर्ष 2020 से प्रदेश के लिये नियोजन विभाग एवं समस्त नोडल विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एस0डी0जी0 फ्रेमवर्क तैयार करना।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में एस0डी0जी0 के समस्त नोडल विभागों के साथ दिनाँक 16.10.2020 को एक बैठक आहूत की गयी थी, किन्तु वित्त विभाग द्वारा वांछित सूचना नहीं दी गयी है।

अतः अनुरोध है कि कृपया अपेक्षित कार्यवाही कर अद्यतन स्थिति से नियोजन विभाग को ईमेल **(dirppd@nic.in)** पर यथाशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुमार कमलेश

श्री संजीव मित्तल,
अपर मुख्य सचिव,
वित्त विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

पत्रांक एवं दिनाँक यथोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः

1- अपर मुख्य सचिव,मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन।
2- स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in